# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, अलीराजपुर (म0प्र0)

फारेस्ट केम्पस, खण्डवा बडौदा रोड़, अलीराजपुर–457887

Tel & Fax No. 07394-234530 E-mail : dfot.alp@mp.gov.in

क्रंमाक / मा.चि. / 2023 / 5794 दिनांक : 21-12-2023

प्रति,

संभागीय प्रबंधक,,
मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड,
धार, मध्यप्रदेश

विषय :– अलीराजपुर जिलें में ए.डी.बी.–6 योजना के अंतर्गत भाभरा–उदयगढ़ मार्ग के उन्नयन / चौड़ीकरण हेतु 2.77 हेक्टेयर वनभूमि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, धार को उपयोग पर देने बाबत।

संदर्भ :– 1) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्य प्रदेश, भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ–5 / 1141 / 2022 / 10–11 / 4295 दिनांक 25.09.2023।

2) कार्यालयीन पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2023 / 4594 दिनांक 03.10.2023 एंव 5384 दिनांक 20.11. 2023।

3) आपका पत्र क्रमांक / 1697 दिनांक 11.12.2023।

–– ☆ ––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि अलीराजपुर जिलें में ए.डी.बी.–6 योजना के अंतर्गत भाभरा–उदयगढ़ मार्ग के उन्नयन / चौड़ीकरण हेतु 2.77 हेक्टेयर योजना अन्तर्गत भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र क्रमांक / 6–एमपीबी 021 / 2022–बीएचओ दिनांक 11.09.2023 से वनक्षेत्र में बनाये गये अवैध मार्ग निर्माण के संबंध में वन विभाग के कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही की गई है इस संबंध में जानकारी चाही गई है।

जिसके तारतम्य में कार्यालयीन संदर्भित पत्र से उक्त मार्ग निर्माण समयावधि की जानकारी आपसे चाही गई, ताकि उक्त अवधि में पदस्थ वन कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्यवाही कर प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जा सकें। आपसे जानकारी प्राप्त न होने के कारण प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित करने में विलम्ब हो रहा है।

निम्नानुसार जानकारी प्रेषित करने का कष्ट करे ताकि प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जा सकें। ताकि प्रकरण में आगामी कार्यवाही हो सके।

1. उक्त मार्ग निर्माण किस समयावधि में हुआ है ताकि उक्त अवधि में पदस्थ वन कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही कर प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित की जा सके।
2. आपके संदर्भित पत्रानुसार उपरोक्त मार्ग राजस्व ग्राम अखोली में शासकीय भूमि पर बनाई गई है। यदि उक्त मार्ग निर्माण राजस्व भूमि पर किया गया है तो राजस्व भूमि अधिग्रहण के पूर्ण अभिलेख व निर्माण कार्य करने की अनुमति इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करे।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल अलीराजपुर